अहिंसा से विश्वशांति एवं पर्यावरण शुद्धि

शाश्वत तीर्थ अयोध्या में जन्मभूमि टोंक पर विराजमान भगवान ऋषभदेव

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 514
ISBN-978-93-87891-32-6

अहिंसा से विश्वशांति
एवं
पर्यावरण शुद्धि

–प्रेरणा एवं मंगल आशीर्वाद –

भारतगौरव गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी

–प्रस्तुति –

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिकारत्न

श्री चन्दनामती माताजी

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र., फोन नं.- (01233) 280184, 280994

Website : www.jambudweep.org, www.encyclopediaofjainism.com

E-mail : jambudweeptirth@gmail.com, rk195057@yahoo.com

प्रथम संस्करण	वीर नि. सं. 2545	मूल्य
1100 प्रतियाँ	आश्विन शु. एकादशी, 9 अक्टूबर 2019	20/-रु.

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएँ भी प्रकाशित होती रहती हैं।

-: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :-

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी

(दो बार डी.लिट्. की मानद उपाधि से अलंकृत)

-: मार्गदर्शन :-

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी

(पीएच.डी. की मानद उपाधि से अलंकृत)

-: निर्देशक एवं सम्पादकः-

कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी

-: प्रबंध सम्पादक :-

डॉ. जीवन प्रकाश जैन

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

विश्वशांति प्रार्थना

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

-बसंततिलका छंद-

शांतिं करोतु भगवन्! जगतां जनानां।
शांतिं करोतु भगवन्! प्रतिपालकानां।।
शांतिं करोतु भगवन्! जिनशासकानां।
शांतिं करोतु भगवन्! हितकारकाणां।।1।।

-अनुष्टुप्-

विश्वशांतिं समृद्धिं च, कुर्वन्तु परमेश्वराः।
येषां स्मरणमात्रेण, शान्तिर्भवति सर्वदा।।2।।

यत्र सर्वोच्चमूर्तिः स्यात्-यत्र माता तपस्विनी।
तत्र जैनेन्द्रवाणी तु, सदा भूयात् यशस्विनी।।3।।

चतुर्वेदानुयोगानां, स्वाध्यायात् यत्फलं भवेत्।
ज्ञानमत्यार्यिकामातुः, दर्शनात्तत्फलं लभेत्।।4।।

ज्ञानमत्यार्यिका माता, गणिन्यां प्रमुखा कलौ।
नमस्तस्यै सरस्वत्यै, ज्ञानमूर्त्यै नमो नमः।।5।।

तर्ज-भावना दिनरात मेरी.....

प्रार्थना भगवान! तुमसे सब सुखी संसार हो।
प्रार्थना भगवान! तुमसे जग में शांति अपार हो।।
प्रार्थना हे नाथ! विश्व की भावनाएं उदार हो।
प्रार्थना है हर हृदय अध्यात्म का भंडार हो।।

अहिंसा से विश्वशांति एवं पर्यावरण की शुद्धि हो सकती है!

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

हम सब जिस देश के अंदर निवास करते हैं, इसका नाम है-भारत। विश्व के जितने भी देश हैं उन सबका अपना-अपना कोई न कोई धर्म होता है, जाति अलग रहती है, लेकिन सारी दुनिया के अंदर भारत एक ऐसा देश है, जहाँ पर हर धर्म, हर जाति के लोग अपने-अपने स्वतंत्रता के अनुसार ईश्वर की आराधना करते हैं और इसीलिए धर्मनिरपेक्ष शब्द का इस भारत देश के लिए प्रयोग किया गया है। धर्म-निरपेक्ष भारत देश के हम वासी हैं। यहाँ का लोकतंत्र, यहाँ का गणतंत्र हम सबको प्रभावित करता है और यहाँ से हमेशा-हमेशा से अध्यात्म, अहिंसा, दया, करुणा इन चीजों का निर्यात दुनिया के कोने-कोने में होता रहा है। शांति और अहिंसा, ये एक-दूसरे के पूरक हैं।

अहिंसा प्रेम के दर्शन का नाम है। Ahimsa is the Philosophy of Love. अहिंसा विश्वशांति की कुंजी है और प्रेम, दया, करुणा, मैत्री और सौहार्द का पर्यायवाची नाम है-अहिंसा। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने वनवास के समय एक गृद्ध पक्षी के ऊपर दया की। शरणागत एक पक्षी आया। उस पर दया करके उन्होंने एक महापुरुष का जरा सी देर का सत्संग किया और उस पक्षी की जटाएं स्वर्णमय हो गई थीं। जैन रामायण के अनुसार तब उस पक्षी को राम और सीता ने जटायु की संज्ञा दी और उस जटायु ने उनकी दया, अहिंसा, करुणा का बदला, उस उपकार का बदला ऐसे चुकाया कि जब सीता जी का अपहरण हुआ और रावण ने जटायु को भी घायल कर दिया, उस समय जंगल में पड़ा था। रामचन्द्र जी सीता को ढूंढ रहे थे, तब घायल अवस्था में जटायु ने बताया कि आपकी सती-सीता को रावण हरण करके ले गया है ये उसने मरते दम तक अपने उपकार का बदला चुकाया।

जैसे सरोवर की शोभा कमल से होती है, पक्षी की शोभा पंख से होती है, भोजन की शोभा नमक से होती है, नारी की शोभा शील से होती है, ऐसे ही हमारे देश की शोभा दया और अहिंसा से है।

भारतीय अहिंसा क्या है ?

सस्य श्यामला भारतदेश की पावन धरा पर सदाकाल से तीर्थंकर भगवन्त एवं सन्तों के जन्म लेने और अपने अमिट संदेशों को प्रगट करने की प्राचीन परम्परा रही है। यहाँ ''परस्परोपग्रहो जीवानाम्'' का सूत्र प्रत्येक प्राणी अपनाते हुए एक-दूसरे के प्रति मैत्री-सौहार्द और प्रेम-वात्सल्य की गंगा प्रवाहित करते रहे हैं।

हमारी भारतीय संस्कृति का मूल सिद्धान्त है–''अहिंसो परमो धर्मः'' अर्थात् अहिंसा संसार का सर्वोत्कृष्ट-परम धर्म है। इसे हम इस तरह भी जान सकते हैं कि–

AHIMSA IS THE PHILOSOPHY OF LOVE अर्थात् अहिंसा धर्म प्रेम में निहित एक दर्शन है।

दूसरे शब्दों में अहिंसा को विश्वशांति की आधारशिला भी कहा जाता है-

AHIMSA IS THE KEY OF WORLD PEACE अर्थात् अहिंसा विश्वशांति की कुंजी है।

इसी अहिंसा सिद्धान्त के बल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 300 वर्षों की गुलामी से पराधीन भारत को सन् 1947 में आजाद कराया था, जिसके कारण आज पूरे विश्व में गांधी जयंती के दिन 2 अक्टूबर को "International Day of PEACE" (अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस) के रूप में मनाया जाता है।

भारतीय परम्परा में जहाँ किसी जीवधारी प्राणी को जान से मार देना हिंसा पाप के रूप में माना है, वहीं मन-वचन-कायपूर्वक किसी के दिल को दुखाना, उसे कष्ट की अनुभूति (Feeling) कराना भी भावहिंसा की श्रेणी में माना गया है। किन्तु आज का मानव अपने मान-दम्भ एवं अहंकार के वशीभूत होकर दूसरे के दुःखों से पूर्ण अनभिज्ञ बना रहता है।

भौतिकता की चकाचौंध में मानव निज को भूल गया है।
दुनिया की झूठी माया और वैभव में ही फूल गया है।।
क्षणभंगुर लक्ष्मी की खातिर मानवता भी आज रो रही।
दुनिया की हर सांसों में हिंसा अधर्म की बात हो रही।।

अतः हमें क्या करना चाहिए? इसका चिन्तन भी आवश्यक है।

भारतीय सन्तों की वाणी सुनकर अपनी प्यास बुझाओ।
त्याग और संयम की ज्योति अपने जीवन में चमकाओ।।
सन्तों की वाणी प्राणी के उन्नति की आधारशिला है।
कथनी को करनी में बदलो शुभ अवसर यह आज मिला है।।

बंधुओं! आज हम सभी वर्तमान विश्व में व्याप्त आतंकवाद, हिंसा, विनाश, अशान्ति, परस्पर शत्रुता, विद्वेष, एक-दूसरे से बदला लेने की भावना आदि विकृतियों से ग्रसित हो रही मानवता को देख रहे हैं। ''अहिंसामयी शाश्वत धर्म'' का शीतल जल ही इन अग्नि ज्वालाओं के उपशमन में सहयोगी हो सकता है, यही तीर्थंकर भगवन्तों की सदैव से देशना रही है। व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से की गई धर्माराधना, मंत्रानुष्ठान, विधि-विधान भी वैश्विक वातावरण को प्रभावित करके क्षेम-सुभिक्ष-शान्ति-सौहार्द की स्थापना करने में अत्यन्त कार्यकारी सिद्ध होते हैं। अतः प्राथमिक रूप से मनसा-वाचा-कर्मणा हिंसात्मक प्रवृत्ति से दूर रहकर करुणा, दया एवं मैत्री की भावना रखते हुए भारतीय संस्कृति की जड़स्वरूप अहिंसा धर्म का पालन सभी के लिए परम आवश्यक है। क्योंकि-

आज शेर अजगर आदिक से मानव को नहिं खतरा है।
दानव जैसे मानव से ही मानवता को खतरा है।।
मैत्री भाव से ही मानव सबको सुखमय कर सकता है।
दुनिया का हर प्राणी सुख को चाहे दुख से डरता है।।

सार रूप में हमें यही समझना है कि हिंसात्मक भावनाएँ मनुष्य के लिए जन्म-जन्मान्तर में घातक होती हैं जबकि अहिंसा-दया-मैत्री-सौहार्द और परोपकारी प्रवृत्ति से मानव हमेशा मानसिक और शारीरिक सुख-सन्तुष्टि-प्रसन्नता की अनुभूति करता है। अतः निम्न पंक्तियों के माध्यम से जीवन में खुशियाँ लाने का प्रयत्न करना सचमुच में आवश्यक प्रतीत होता है–

"Burn all the bad memories of your past and dressup the colour of your sweet memories, love and happiness."

अर्थात् बीते हुए भूतकाल की सभी खराब यादों को भस्म करके अपने हृदय को नई-नई खुशियों से, मीठी-मीठी यादों से भर दो, तब यह वर्तमान जिन्दगी अपने एवं दूसरों के लिए उपहार बन सकती है।

अहिंसा से ही विश्वशांति संभव हो सकती है!–

अहिंसा और विश्वशांति एक-दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि हिंसात्मक नीतियों से, हिंसा के उपकरण अस्त्र-शस्त्रों से देश-समाज एवं परिवारों में पारस्परिक वैमनस्य, दुश्मनी, कलुषता और जन्म-जन्मान्तर के लिए वैर ही बंधता है, वह घटता कभी नहीं है, जबकि प्रेम और अहिंसा के शीतल जल से कई जन्मों के पुराने वैर भी क्षण मात्र में मैत्री का रूप धारण कर लेते हैं।

ईसवी सन् 2000 के अगस्त में U.N.O. (संयुक्तराष्ट्र) द्वारा अमेरिका की धरती पर एक विशाल ''मिलेनियम विश्वशांति शिखर सम्मेलन'' (Milleniam World Peace Summit) का आयोजन हुआ, जिसमें अनेक देशों के लगभग 100 धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर गंभीर चिन्तन-मन्थन किया। भारत से जैनधर्माचार्य के रूप में पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने अपने शिष्य कर्मयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन (वर्तमान में जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर के पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी) को उसमें प्रतिनिधित्व करने हेतु भेजा, वहाँ उन्होंने प्राकृतिक जैनधर्म, युगादिब्रह्मा ऋषभदेव तथा भगवान महावीर के अहिंसामयी सर्वोदय सिद्धान्तों को विश्वशांति के लिए अमोघ शस्त्र के रूप में प्रतिपादित किया तथा तत्संबंधी साहित्य भी प्रदान किया, वहाँ सभी धर्माचार्य इसी निष्कर्ष पर पहुँचे कि वास्तव में अहिंसा, धार्मिक सहिष्णुता एवं मानवतावादी दृष्टिकोण से ही विश्वशांति संभव हो सकती है।

हम सब उस भारत देश के वासी हैं जहाँ के कण-कण में त्याग की, तपस्या की महक है, जो सैकड़ों ऋषि-मुनियों की पावन तपस्थली है, जहाँ सदैव से अध्यात्म की गंगा बही है और जिसे 'विश्व गुरु' कहलाने का सौभाग्य प्राप्त है, ऐसी उस पावन-पवित्र भूमि के संतों द्वारा विश्व के सामने सदा से उन सिद्धान्तों को रखा गया है कि जिनका आधार लेकर विश्व के कोने-कोने में शांति, सद्भाव एवं खुशहाली का सुंदर वातावरण तैयार किया जा सकता है। मात्र भारत की संत परम्परा ही नहीं वरन् संसार के समस्त देशों के धर्म भी इसी समरसता एवं सर्वोदय की राह दिखाते हैं।

आज का विश्व विज्ञान की असीम विस्तृत छत्रछाया में जी रहा है और बिना इस वैज्ञानिक प्रगति के जीवन का निर्वाह संभव भी नहीं है अतः विज्ञान की महत्ता को तो हमें स्वीकार करना ही होगा। प्रश्न बस इतना है कि उस विज्ञान का संचालन

किन हाथों से हो, उसके पीछे कौन सी मानसिक वृत्ति कार्य करे ? वास्तव में इस मानसिक वृत्ति का विकास हमें धर्म के माध्यम से करना है।

जहाँ तक गरीबी का प्रश्न है, वहाँ मात्र धन की कमी को निर्धनता मान लेना हमारी संस्कृति के अनुसार उचित नहीं है। वास्तविक निर्धनता तो विचारों की निर्धनता है कि जहाँ मात्र व्यक्तिगत पोषण की भावना ही सर्वोपरि रहती है, दूसरे की खुशियों एवं अधिकारों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है, इस निर्धनता से यदि छुटकारा पा लिया जाये तो आर्थिक गरीबी तो स्वतः ही दूर भाग सकती है। भारत की संस्कृति में मानवीय गुणों के विकास को सबसे बड़ा धन माना है, जब मानव के अंदर दया की भावना, करुणा, वात्सल्य, मैत्री जैसे गुण विकसित हो जाते हैं, दूसरों की उन्नति को सहर्ष स्वीकार करने की भावना आ जाती है, दूसरे के दुःख से विचलित होना जब वो सीख लेता है, तब वह अपने से बढ़कर दूसरे को सुख पहुँचाना चाहता है, उसके मन में सभी के अस्तित्व का पूरा सम्मान रहता है और ऐसे में जीवनोपयोगी संसाधनों का किसी विशेष सामाजिक वर्ग के लिए एकत्रीकरण नहीं होता बल्कि पूरे समाज में वितरण स्वतः ही हो सकता है। विश्व के पास कमी संसाधनों की नही है वरन् उनके असमान वितरण की है। अतः हमें मूल पर प्रहार करना है। दिल की निर्धनता, विचारों की निर्धनता को पहले हमें दूर हटाना है और इसके लिए हम धर्माचार्यों का बहुत विशेष योगदान हो सकता है, हमें अपने अनुयायियों को मानवतावादी दृष्टिकोण का पाठ पढ़ाना है, सम्पूर्ण विश्व को अपने परिवार के समान समझने का भाव उनमें फलीभूत करना है तभी गरीबी से लड़ा जा सकता है और गरीबी के अभिशाप से उत्पन्न होने वाले सभी अपराधों को भी न्यूनतम करते हुए विश्व समाज में समरसता की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

भारत भूमि की यह विशेषता है कि इस संस्कृति की महान संत परम्परा ने सम्पूर्ण मानव जाति को चिंतन की बहुत समर्थ परम्परा प्रदान की है कि जिसका आधार लेकर अपने में बहुत ही सुंदर गुण व विचारधारा विकसित हो जाती है, मानव का निखरा हुआ रूप सामने आ जाता है और ऐसे में विश्व शांति व सुभिक्षता की अवधारणा अवश्य ही साकार हो सकती है, बस आवश्यकता है तो जनसाधारण को सही बात समझाने की।

यहाँ पर एक और पक्ष को हमें समझना है-विश्व के प्रत्येक देश में किसी न किसी धर्म का परिपालन किया ही जाता है और सभी को अपनी-अपनी धार्मिक मान्यताएँ अतिशय प्रिय होती है। यह बात सत्य भी है कि हर धर्म में सुंदर-सुंदर मानवीय भावनाओं को ही पिरोया गया है और इन्हीं भावनाओं का आश्रय लेकर सभी धर्मावलम्बी विश्व की व्यवस्था के सुचारू परिचालन हेतु अपनी-अपनी मान्यता प्रस्तुत करते हैं-कोई अहिंसा से विश्व शांति की स्थापना पर जोर देता है, कोई सदाचार को आवश्यक मानता है तो कोई मात्र वैज्ञानिक एवं औद्योगिक प्रगति को ही सारी समस्याओं के निराकरण का साधन समझता है। पर वास्तविकता तो यह है कि ये सभी धर्म एवं धार्मिक मान्यताएँ एक ही उपवन के सुंदर-सुंदर विविध पुष्प हैं, इनमें से प्रत्येक की अपनी-अपनी भीनी-भीनी सुगंध है, एक ही माला के ये अलग-अलग दाने हैं, जब इन सब पुष्पों की सुगंध एक साथ मिलती है, तभी उपवन की सुगंधित छटा का हम आनंद ले पाते हैं, जब सब मोती एक साथ पिरोये जाते हैं तो ही सुंदर माला का निर्माण होता है।

इसी प्रकार हमें भी हर एक धर्म के प्रति सद्भाव रखना है, जहाँ अपनी धार्मिक मान्यताओं के प्रति हम दृढ़ रहते हैं, वहीं अन्य धर्मावलम्बी की आस्था को भी हमें सहर्ष स्वीकार करना है, विभिन्न धर्मों के प्रति इस समन्वयवादी दृष्टिकोण का विकास वर्तमान की पहली आवश्यकता है। धार्मिक सहिष्णुता की यह भावना धर्माचार्यों के द्वारा ही जन-जन में स्थापित की जा सकती है। अनेकांत की इस परिकल्पना का मूर्तरूप भारतीय भूमि में हम स्पष्ट देख सकते हैं-जहाँ धर्मों की इतनी विविधता है कि जितनी किसी भी अन्य देश में नहीं है पर फिर भी सभी धर्मावलम्बी एक-दूसरे के प्रति पूर्ण सौहार्द रखकर एक विशाल गणतंत्र के रूप में जीवन निर्वाह कर रहे हैं।

आज के विश्व में जो अव्यवस्था एवं युद्ध की विभीषिका का दौर चल रहा है, उसका एक मुख्य कारण धार्मिक असहिष्णुता भी है, विभिन्न धर्मों के बीच बड़ी-बड़ी दीवारें खिंची हैं, एक-दूसरे के धर्म के प्रति सौहार्द भाव नहीं है, आदर नहीं है और इसी कट्टरता को लेकर विभिन्न देशों की अपनी सीमाओं के अंदर या तो गृह युद्ध की स्थितियाँ सिर पर खड़ी रहती हैं या

फिर सीमाओं के बाहर दूसरे देशों के साथ निरंतर संघर्ष बने रहते हैं। इस विभीषिका में केवल निर्दोष जीवों का संहार ही नहीं होता वरन् देश-विदेश की आर्थिक स्थिति पर इतना कुप्रभाव पड़ता है कि जनसाधारण को लम्बे समय तक निर्धनता की मार झेलनी पड़ती है।

भारत की संस्कृति वह संस्कृति है कि जिसमें कहा गया है-''कृषि करो या ऋषि बनो'', आज के विश्व को यद्यपि यह सूत्र अप्रासंगिक लग सकता है पर बहुत ही दूरदर्शितापूर्वक यह विचारधारा रखी गयी है। आज का औद्योगिक विश्व यद्यपि समय की मांग है पर साथ ही साथ इस वैज्ञानिक प्रगति ने बहुत सारे प्रश्न भी संसार के सामने रख दिये हैं-जिनमें पर्यावरण प्रदूषण एक ज्वलंत उदाहरण है। हमारा मानना ये है कि वैज्ञानिक विकास भी हमें चाहिए पर एक सीमा के अंदर, जहाँ उसे हमारे अस्तित्व से खेलने का अधिकार न हो, जहाँ हमारे अपने लिए ही वह घातक न बन जाये। वैज्ञानिक प्रगति को हमें अपने शासन में रखना है, उसके द्वारा शासित नहीं होना है। अपनी आजीविका का हम उपार्जन भी करें, वैज्ञानिक साधनों का प्रयोग भी करें पर अपने हृदय को मानवतावादी क्या प्राणीमात्र के प्रति करुणा के भाव से आप्लावित रखें।

अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह जैसे सिद्धान्त एवं अनेकांत व स्याद्वाद की विपुल धनराशि संसार को जिसने प्रदान की है उस महान मानवतावादी धर्म के हम अनुयायी हैं। यहाँ जैनधर्म के 24 तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से लेकर महावीर स्वामी तक ने प्राणीमात्र के प्रति करुणा का पाठ पढ़ाया है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा वनस्पति में जीव की सत्ता सिद्ध करके सभी के प्रति संरक्षण के भाव का पोषण किया है और यही आज के समय की महती आवश्यकता है क्योंकि पर्यावरण को शुद्ध बनाने वाले यही तो मूल तत्त्व हैं। इनका संरक्षण अर्थात् पर्यावरण संरक्षण।

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी सदैव यही कहा करती हैं कि इस युग के प्रारंभ में मानवीय संस्कृति का जिन प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने प्रतिपादन किया था, उनका यही उपदेश है-''जिओ और जीने दो'' इस एक सूत्र में सब कुछ समाहित है-मानवतावादी दृष्टिकोण, धार्मिक सहिष्णुता, पर्यावरण संरक्षण। इसी सूत्र में विश्वशांति

का संसार बसा हुआ है। विज्ञान की ऊँचाईयों को देखकर हमें ये समझ लेना चाहिए कि ये अपनी आत्मा में छिपे असीम ज्ञान का एक अंश है। सही तथ्य तो ये है कि हमें भौतिक उन्नति के साथ आत्मिक उन्नति पर भी लक्ष्य करना है, अपनी आत्मा में छिपी ज्ञान की अनमोल निधि को प्रगट करने को प्रयास करना है क्योंकि यही वह निधि है जिससे सारी निर्धनताएँ विनष्ट हो जाती हैं, अपना अनंत सुख हमें प्राप्त हो जाता है। हमारे तीर्थंकरों ने, हमारे महापुरुषों ने प्राणीमात्र के लिए यही संदेश दिया है, यही शाश्वत मार्ग बताया है।

अहिंसा एवं सदाचार से विश्व में शांति की स्थापना संभव है–

संसार में प्रत्येक प्राणी सुख चाहता है और दुःख से डरता है। इसी सुख शांति को प्राप्त करने के लिए मानव भी रात-दिन प्रयास करता है, तरह-तरह के उपक्रम करता है पर विश्व धर्म को प्रतिपादित करने वाले संतों ने ऐसी सुख-शांति का यदि कोई मूल आधार माना है तो वह है-अहिंसा और सदाचार। अर्थात् जब तक जीवन में मन से, वचन से तथा शरीर से किसी भी प्राणी को दुःख न पहुँचाने की अहिंसक वृत्ति का एवं क्षमा, दया, सहनशीलता आदि गुणों रूप सदाचरण का उदय नहीं होता है, तब तक न व्यक्ति के अपने जीवन में शांति आती है और न ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति स्थापित हो सकती है।

युग के प्रारंभ में जबकि मानव भोग प्रधान जीवन जी रहा था और उसकी सारी आवश्यकताएँ कल्पवृक्षों अर्थात् इच्छित फल प्रदान करने वाले वृक्षों के द्वारा सहज में ही पूरी हो जाती थी, तब मानव को किसी भी प्रकार के संघर्ष, वैमनस्य इत्यादि का सामाना ही नहीं करना पड़ता था, सब ओर स्वयं ही शांति का सुख का वातावरण था पर धीरे-धीरे काल का प्रभाव से कल्पवृक्षों की शक्ति घटने लगी और जनसमुदाय को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की मूर्ति में कठिनाई होने लगी, ऐसे संक्रामक काल में एक महान पुरुष का धरती पर अवतरण हुआ, जिनका नाम था ''भगवान ऋषभदेव''। भारत भूमि की अयोध्या नगरी में पिता ''नाभिराय'' एवं माता ''मरुदेवी'' से जन्मे ऋषभदेव ही मानवीय संस्कृति के आद्य प्रणेता के रूप में प्रतिष्ठित हुए और उन्हें ही युगादि पुरुष, आदिब्रह्मा, आदिसृष्टा आदि नामों से जाना गया, वैदिक (हिंदू) ग्रंथों ने उन्हें अष्टम अवतार माना तो मुस्लिम

समुदाय ने उन्हें आदम-बाबा कहकर पुकारा। वस्तुतः यही थे इस युग में जैनधर्म के प्रथम प्रवर्तक-आदि तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव।

प्रजा की कठिनाईयों को जानकर महाराज ऋषभदेव ने जीवन जीने की कला को सिखाने के लिए षट् क्रियाओं का उपदेश दिया। वे षट् क्रियाएँ थीं-असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प। 'असि' अर्थात् अपने रक्षण के लिए युद्ध क्रिया, 'मसि' अर्थात् लेखन क्रिया, 'कृषि' अर्थात् अपने पुरुषार्थ द्वारा फल, सब्जी, मेवा इत्यादि उत्पन्न करना, 'विद्या' विभिन्न प्रकार की कलाओं-विद्याओं का उपार्जन, 'वाणिज्य'-आर्थिक व्यापार तथा 'शिल्प'-गृह निर्माण आदि क्रियाएँ।

भगवान ऋषभदेव ने बहुत ही दूरदर्शितापूर्वक इन छह क्रियाओं का प्रतिपादन किया था, जिसमें एक-दूसरे के प्रति परिपूर्ण अहिंसक वृत्ति रखते हुए सदाचरण रूप व्यापार करना ही मूल आधार था। ऐसे आदिपुरुष द्वारा उपदेशित क्रियाओं का मूल मर्म संसार को बहुत ही सम्यक् प्रकार से समझना होगा। 'असि' क्रिया में भगवान ने युद्ध का निर्देश तो किया है पर यह 'युद्ध' है अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए, न कि बलपूर्वक दूसरे के अधिकार क्षेत्र को छीनने के लिए। इसी प्रकार 'कृषि क्रिया' में अपने शारीरिक श्रम द्वारा शाकाहाररूप अनाज, फल, सब्जी, मेवा एवं अन्य भोज्य पदार्थों को उत्पन्न करके भगवान ने सम्यक् पुरुषार्थ द्वारा जीविकोपार्जन की बात कही थी। विस्तृतरूप से यदि देखा जाये तो इन छह क्रियाओं के आधार को लेकर ही सारे विश्व में हर क्षेत्र में आधुनिक स्तर तक की उन्नति हुई है पर यह काल का ही दोष कहना होगा कि उन मूल क्रियाओं के स्वरूप में अनेक प्रकार की विसंगतियाँ भी उत्पन्न हो गयीं, जिसके कारण सारे विश्व में आज असंतुलन, असुरक्षा, हिंसा, वैमनस्य एवं कटुता की भावनाएँ बहुलरूप में अनुभव की जा रही हैं, देश-देश के बीच युद्ध का माहौल बना हुआ है, विश्व की जनसंख्या का एक बड़ा भाग गरीबी से अभिशप्त है और पर्यावरण भी नित-प्रति दूषित होता चला जा रहा है।

आज के मानव को एक बार गंभीरतापूर्वक सारी स्थितियों का चिंतन करना होगा और कुछ सिद्धान्तों को सदैव के लिए आत्मसात करना होगा। जिन सिद्धान्तों को सदैव के लिए अपनाना है वे कोई नवीन नहीं हैं, वरन्

भगवान ऋषभदेव जैसे महापुरुषों द्वारा प्रारंभ से प्रणीत अहिंसा, सहिष्णुता, पारस्परिक मैत्री-सौहार्द, सदाचार से युक्त सद्व्यवहार ही हैं। इनके आधार से ही पूर्व में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में शांति व समरसता स्थापित हुई है तथा आगे के लिए भी यही पथ-प्रदर्शक हैं, सही बात तो यही हे कि इन सिद्धान्तों से भटक जाने के कारण ही विश्व की स्थिति प्रतिकूलताओं से घिर गयी है।

यदि इतिहास उठाकर देखें तो स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि हिरोशिमा-नागासाकी पर गिरे बमों से क्या शांति स्थापित हो सकी ? भारत का स्वतंत्रता आंदोलन तो जग-प्रसिद्ध है-जलियां वाला बाग, अमृतसर में सैकड़ों निर्दोष लोगों पर गोली चलवाकर भी क्या अंततः भारत को पराधीन रखा जा सका, बल्कि अन्त में महात्मा गांधी आदि महापुरुषों के अहिंसात्मक असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन इत्यादि के माध्यम से ही असंभव लगने वाला देश की आजादी का लक्ष्य भी संभव सिद्ध हो सका।

युद्ध की विभीषिका में जलते आज के विश्व के लिए भी यदि कोई मलहम है तो वह अहिंसा की भावना से बढ़कर अन्य कुछ भी नहीं है। सभी देशों के धर्माचार्य यदि यह प्रयास करें कि उनके अनुयायियों में प्राणीमात्र के लिए दुःख न पहुँचाने की अहिंसात्मक भावना व्याप्त हो जाये तो संसार की युद्ध संबंधी आधी से ज्यादा समस्याएँ स्वतः ही सुलझ सकती हैं, क्योंकि दूसरे के अधिकार को बलपूर्वक हरण करने की इच्छा से भी न जाने कितनी लड़ाइयाँ विश्व भर में चल रही है। जनसमुदाय को यह समझाने की आवश्यकता है कि नरसंहार से, रक्तपात से, युद्ध-विभीषिका से न आज तक किसी को शांति मिली है और न मिल सकती है, युद्ध तो प्यास बुझाने के लिए रेगिस्तान की मृगमरीचिका के समान है जो शांति का छलावा हो सकते हैं, शांति नहीं।

वास्तविकता तो यह है कि आज की धरती पर निरंतर चल रहे नरसंहार, पशुओं पर होने वाले अत्याचार, बूचड़खानों में नित प्रति मरते जीवों के करुणा क्रंदन से ही धरती माँ का कलेजा इतना आहत होता जा रहा है कि जिसकी परिणति निरंतर भूकंपों, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आती है। वैज्ञानिक रूप से भी इस तथ्य को पोषित करने वाले प्रमाण मिले हैं।

जब तक इस अहिंसा की भावना को जन-जन के द्वारा महत्व नहीं दिया जायेगा, अपने जीवन में उतारा नहीं जायेगा, तब तक पारस्परिक सामंजस्य स्थापित नहीं होगा और ऐसे मैत्रीपूर्ण सौहार्द भाव के बिना शांति की कल्पना नहीं की जा सकती।

अहिंसा की भावना किसी सदाचारी मानव का प्रमुखतम गुण हैं, इस युग के विकसित होने से अन्य नैतिक भावों जैसे करुणा, सहनशीलता, दया, क्षमा, प्रेम आदि भावनाएँ तो स्वतः ही विकसित हो जाती हैं और मानव के सदाचारी बनते ही संसार को स्वर्ग बनते कुछ भी देर नहीं लगेगी। अतः धर्माचार्यों को भी अपने प्रभाव से अपने अनुयायी भक्तों में इन सब गुणों को भरने का सद्प्रयास करना होगा और इस प्रकार से विश्वशांति की परिकल्पना को साकार करना होगा।

जहाँ तक गरीबी से अभिशप्तता का प्रश्न है, वहाँ पर आज के आधुनिक युग में अहिंसक कृषि को मुख्य व्यवसाय के रूप में अपनाने का सुझाव इसलिए कार्यकारी है क्योंकि सीमित साधनों के द्वारा जहाँ अपनी आजीविका का प्रश्न हल हो जाता है, वहाँ पर ही पूरे समाज के लिए उपयोगी अन्न के उत्पादन से राष्ट्र की आर्थिक प्रगति भी सुचारू हो सकती है तथा इस स्वावलम्बन से अन्य बहुत सी समस्याएँ स्वतः ही हल हो जाती हैं।

पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी एक ऐसी महान दिव्य विभूति है कि जो अपने सम्पूर्ण जीवन में अहिंसात्मक एवं वैराग्यमयी चर्या का पालन करके जहाँ भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए 'जिओ और जीने दो' का संदेश प्रदान करती रहीं, वहीं उनके विराट व्यक्तित्व ने विश्वभर में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने अपने दीर्घकालीन दीक्षित जीवन में उत्तर भारत के हस्तिनापुर नामक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर 'जम्बूद्वीप' नामक जैन भूगोल रचना का निर्माण करवाकर देश-विदेश के वैज्ञानिकों को सृष्टि की खोज का एक विषय प्रदान किया है, 400 से अधिक ग्रंथों की उन्होंने रचना की है तथा राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करके विश्व मैत्री का संदेश जन-जन तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की है। वे सदैव कहा करती हैं कि इस भारत भूमि की पवित्र धरा पर जहाँ की ऋषभदेव, राम, हनुमान, महावीर, बुद्ध एवं गांधी जैसी महान सदाचारी आत्माओं ने जन्म लिया है,

उस धरा के धर्माचार्य सदैव अखिल विश्व को उच्चतम नैतिक आदर्शों का समय-समय पर संदेश प्रदान करते रहते हैं।

जीवन में अहिंसक वृत्ति का आचरण करने हेतु जैनाचार्यों ने हिंसा के 4 भेद बताकर उनको यथाशक्ति त्याग करने का उपदेश दिया है।

(1) संकल्पी हिंसा—मन में संकल्प करके अभिप्रायपूर्वक किसी जीव की हत्या करना संकल्पी हिंसा है। यह हिंसा पूर्णरूप से त्याग करने को कहा गया है। जैसे-खटमल, जूँ, मच्छर आदि मारना।

(2) आरंभी हिंसा—अपनी रोज की दैनिक क्रियाओं में सावधानीपूर्वक गृहस्थकार्य करते हुए भी कुछ हिंसा हो जाती हैं, जैसे-पानी भरना, अग्नि जलाना, भोजन बनाना, झाड़ू लगाना..... आदि क्रियाएँ। यह हिंसा गृहस्थ श्रावक-श्राविकाओं के लिए क्षम्य है। किन्तु अनावश्यक करना पाप है।

(3) उद्योगी हिंसा—व्यापार, खेती, उद्योग आदि में न चाहते हुए भी कुछ जीवों की हिंसा हो जाती है, जो गृहस्थों के लिए क्षम्य है। किन्तु अंडा-मांस-मछली-चमड़े आदि के व्यापार तो महापापबंध के कारण हैं अतः उनका सर्वथा त्याग करना चाहिए।

(4) विरोधी हिंसा—भारतीय संस्कृति, जिनधर्म, धर्मायतन, तीर्थ आदि एवं राष्ट्र-राज्य-परिवार की सुरक्षा हेतु अन्याय एवं अन्यायियों का विरोध करते हुए यदि किसी की हिंसा होती है तो वह विरोधी हिंसा कहलाती है। यह भी हिंसा गृहस्था के लिए क्षम्य है। जैसे श्रीराम ने नारी के सतीत्व की रक्षा के लिए रावण के साथ घोर युद्ध किया, किन्तु वे हिंसक नहीं कहलाए। आज भी देश की रक्षा के लिए सीमा पर खड़े नौजवानों से जो हिंसा होती है वह हिंसा नहीं है।

हिंसा के इन सभी भेदों का विशद विवेचन जैनाचार्यों ने धर्मग्रंथों में किया है जिनका अध्ययन करके अहिंसा की सूक्ष्म परिभाषाओं को जानकर वर्तमान की परिस्थितियों से जूझते हुए मानव को आतंकवाद, सामाजिक-पारिवारिक विघटन, परमाणु युद्ध की आशंका आदि समस्याओं पर गंभीर चिंतन करना होगा।

प्रिय पाठकों! अब आप आगे जानिए कि—

धरती का पर्यावरण अहिंसा से ही शुद्ध हो सकता है!

भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ की अर्थव्यवस्था मुख्यरूप से कृषि-खेती पर आधारित है, क्योंकि देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि व्यवस्था पर ही अपना जीवनयापन करती है। कृषि से राष्ट्रीय आय का लगभग 50 प्रतिशत भाग प्राप्त होता है। कृषि की हीन दशा को देखकर ही आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था–

Everything may wait but agriculture can not. There is nothing more important in India today than better-agriculture.

अर्थात् प्रत्येक वस्तु प्रतीक्षा कर सकती है परन्तु कृषि नहीं। वर्तमान में भारत देश में अच्छी कृषि से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है।

भारत के लिए यह विडम्बना ही है कि यहाँ की 70 से 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषि में संलग्न है फिर भी **भारत को खाद्यान्न** (गेहूँ-चावल-मेवा-फल आदि) दूसरे देशों से मंगाना पड़ता है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका के अन्दर कृषि में जनसंख्या का केवल 4 प्रतिशत भाग संलग्न है, फिर भी वह विश्व की एक तिहाई जनसंख्या के लिए खाद्यान्नों की पूर्ति करने में सक्षम है। हमारे देश में पर्याप्त भूमि है किन्तु फिर भी वह आत्मनिर्भर नहीं है। इस विषय में देश के युवा वर्ग एवं शासकों को चिन्तन करने की आवश्यकता है।

खेती की हरियाली और वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करते हैं!

सड़क के किनारे चलते हुए पथिकों को हरे-भरे खेत देखकर उनके मनों में हरियाली समा जाती है और अनजाने में ही उन्हें स्वस्थता प्राप्त होती है, किन्तु आज अनावश्यक काटे जा रहे जंगल के पेड़, खेतों में डाली जा रही कीटनाशक दवाईयाँ जहाँ मानव मस्तिष्क को बीमार बना रही हैं, वहीं द्रुतगति से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। अतः पर्यावरण की शुद्धि हेतु सेमिनार-कान्फ्रेन्स आयोजित करने पड़ते हैं, किन्तु इनसे पर्यावरण की शुद्धि कभी नहीं होगी, प्रत्युत् अहिंसक कृषि, वृक्षारोपण आदि से पर्यावरण की शुद्धि का अभियान विभिन्न संस्था-संगठनों के द्वारा चलाना आवश्यक है।

मुर्गी पालन एवं मत्स्यपालन केन्द्र पालक नहीं मारण केन्द्र हैं!

इनसे पर्यावरण भयंकर रूप से प्रदूषित हो रहा है–

भगवान महावीर, राम और कृष्ण की धरती भारत देश में जहाँ Morning Walk (प्रातःकालीन भ्रमण) के समय लोगों के मन, मस्तिष्क में हरे-भरे, बाग-बगीचों से फल और फूलों की सुगंधी का अहसास हुआ करता है, वहीं वर्तमान में शहरों एवं गाँवों में जगह-जगह Poultry farms देखकर वहाँ की दुर्गन्ध से मन एकदम अपवित्र हो जाता है तथा अपनी पवित्र संस्कृति के ललाट पर पशु-पक्षियों के दूषित रक्त का टीका लगते देखकर हृदय बरबस रो पड़ता है। इस विषय पर हमारे समाज को, कृषकों तथा सत्ताधारी शासकों को गहराई से चिन्तन करके संस्कृति का संरक्षण, पर्यावरण की शुद्धि एवं अहिंसा के पालन का कदम आगे बढ़ाना चाहिए, क्योंकि ये पालन केन्द्र के नाम से चलाए जा रहे हिंसक उद्योग शत-प्रतिशत जीवों के मारण केन्द्र बनकर भारतीय अहिंसक शाकाहारी जनता को माँसाहार करने की प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। इन केन्द्रों को कभी भी कृषि की संज्ञा नहीं देना चाहिए, क्योंकि कृषि पेड़-वनस्पति का उत्पादन है और शेष अण्डे-मछली आदि का उत्पादन जीवधारी प्राणियों के पेट से होता है। अतः खेत और वृक्षों से उत्पन्न वस्तु को शाकाहारी माना गया है एवं मुर्गी के पेट से उत्पन्न अण्डे माँसाहार की श्रेणी में ही आते हैं।

पाठ्य पुस्तकों का विकृत लेखन बाल मस्तिष्क के लिए खतरनाक है!

भारत में प्राचीन काल से चली आई प्राकृतिक शाकाहारी भोजन की परम्परा को वर्तमान की प्रारंभिक पाठ्य पुस्तकों ने विकृत बना दिया है। बच्चों को पढ़ाई जाने वाली Social Studies की पुस्तकों में Good Food नामक lesson में शाकाहारी और माँसाहारी (Veg. & Non-Veg.) चीजें, जैसे-दूध की बोतल, केला, मछली, अण्डा आदि एक साथ चित्रित किये जाते हैं अतः बाल मन उन सबको एक समान समझकर माँसाहारी वस्तुओं को भी अनायास खाने की इच्छा करता है जबकि यह हमारी संस्कृति के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

बंधुओं! यदि हमें बचपन से ही बालक-बालिकाओं को तामसिक एवं कठोर-हिंसात्मक प्रवृति से रोकना है, उन्हें सात्विक वृत्ति वाला, दया और

परोपकारयुक्त स्वभाव वाला बनाना है तो उन्हें प्रारंभ से शाकाहार और मांसाहार में अन्तर बताना होगा तथा Public Schools (पब्लिक स्कूलों) में चल रही पुस्तकों के लेखक और प्रकाशकों से भी अनुरोध करना होगा कि वे ऐसे मिश्रित भोजन की प्रेरणा अपने Lesson में कदापि न देवें। क्योंकि ध्यान दीजिएगा कि-

नींव मकान की आधार शिला है,
रीढ़ शरीर की आधारशिला है,
संस्कार देना है तो बच्चों में दो,
ये देश और समाज की आधारशिला हैं।

खानपान और खानदान शुद्धि की महत्त्वपूर्ण भूमिका-

बच्चों के खानपान की बात तो प्रारंभिक भूमिका है, पुनश्च युवाओं के अत्याधुनिक विचारों में भी खानपान की अशुद्धता का साम्राज्य बढ़ रहा है तथा जाने-अनजाने में Fast Food एवं विदेशी व्यंजनों के स्वादों में पड़ कर देश का बड़ा प्रतिशत युवा अपने खानपान को अपवित्र बनाकर मन को भी अशुद्ध करता हुआ पाप का संचय कर रहा है।

इसमें हमारे समाज की महिलाओं की अनदेखी एवं आलसी वृत्ति का भी बहुत बड़ा योगदान देखा जा रहा है। जो नारी अपने घर की बेटी-बहन-माँ-बहू आदि के रूप में घर के अंदर नन्हें बच्चों से लेकर वृद्ध माता-पिता, सास-ससुर सबके लिए सबेरे से ताजा दूध और नाश्ता बनाकर उसके साथ ममता-प्रेम और अपनत्व का रस घोलकर सबको परोसती थी, वही नारी अब रेडीमेड पिज्जा-बर्गर-डबलरोटी-बिस्किट-आमलेट आदि देकर बच्चे-पति आदि का टिफिन तैयार करती है। तब आप स्वयं चिन्तन करें कि वह केवल पेट भरने का साधन ही तो रहा, उस टिफिन के भोजन में कोई ममता या प्रेम-अपनत्व का रस कहाँ घुल पाया ? इस पर हमारी बहनों को गहराई से चिन्तन करना होगा, अन्यथा खानपान की शुद्धि आपके घर से कोसों दूर चली जाएगी, जिसे वापस लाने में आप स्वयं समर्थ नहीं हो पाएंगी।

इसी तरह खानदान शुद्धि में भी तेजी से बदलाव आ रहा है। भारतीय परम्परा में अपनी-अपनी जाति में विवाह करने से खानदान की शुद्धि मानी जाती है। आज की ऊँची पढ़ाई, इंटरनेशनल कम्पनियों में नौकरी करने की

युवक-युवतियों की परम्परा ने एक-दूसरे के प्रति आकर्षण पैदा करके खानदान शुद्धि को अलमारियों में बंद करके रख दिया है तथा लव जेहाद ने अनेक सुकुमारियों को गुलाम बनाकर जीवन भर आँसू बहाने के लिए बेबस कर दिया है।

युवावस्था की मदहोशी में ऐसे शारीरिक संबंध विजातीय विवाह के लिए एक-दूसरों को मजबूर कर देते हैं और माता-पिता के किंचित् मात्र भी विरोध उनके और परिवार के लिए घातक हो जाते हैं।

अब हमारा विवेकी समाज स्वयं चिन्तन करें कि हमारे पवित्र खानदानों की शुद्धि कैसे रहेगी और हम तीर्थंकर जैसे एवं श्रीराम-कृष्ण महापुरुषों को जन्म कैसे दे पाएंगे ? भारत का हर सम्प्रदाय आज इस समस्या से ग्रसित है अतः मिल बैठकर इसका भी हल निकालना चाहिए।

The Doctrine of Ahimsa*

-Late Pt. Sumer Chand Diwakar
Seoni (M.P.)

It is remarkable that the Jain tenets although very ancient and national are also most modern and uptodate. The doctrine of Ahimsa and its rational, scientific and practical exposition in Jainism is unique and unparalleled in the history of human thought. This doctrine has attracted the attention of the entire globe due to its successful application in liberating India from the foreign domination by the struggle for emancipation based upon the principle of Ahimsa-non-violence. Mahatma Gandhi, while presiding over a Jain function celebrating the birthday of Lord Maharvira at Ahmedabad in 1920, had paid glowing tributes to this Jain doctrine and had added that because of this ennobling and golden gospel of compassion, Jainism can become the religion of the whole world.

These remarks of Gandhiji are very illuminating, "If anybody has developed the doctrine of non-violence it was Lord Mahavira but the modem society does not follow the Lord properly. I request you to understand the Teachings of Lord Mahavira, think over them and translate them into action". It is matter of profound gratification that almost all religions of the world accept the superiority and majesty of this noble doctrine. Jainism has worked out this principle in a most scientific, rational and practical manner. Therefore, all agree that the cult of non-violence is the unique and most sublime contribution of Jainism to humanity.

According to Romain Rolland, "The Rishis, who discovered the law of non-violence in the midst of violence were greater geniuses than Newton, greater warriors than Wellington. Non-violence is the law of our species as violence is the law of the brute." This basic

* Revised reprint of the paper distributed amongst the delegates to the Fifth World Congress of Theosophists, held at Salzburg, Austria, 1967.

principle of Jainism had much influenced Gandhiji from his boyhood. In his book *'Mahatma Gandhi'* Romain Rolland says, "His parents were the followers of the Jain School. Before leaving India his mother made him take 'the three vows' of a Jain which prescribe abstention from wine, meat and sexual intercourse." (pp. 9 and 11). George Catlin's book *"In the Path of Mahatma Gandhi"* points out, "M. K. Gandhi's mother was under Jain influence." (P. 101).

It is remarkable that through the medium of Mahatma Gandhi, the superiority of the weapon of Ahimsa over the armaments of destruction has been acknowledged. Gandhiji said, "Non-violence is the greatest force at the disposal of mankind. It is mightier than the mightiest weapon of destruction devised by the ingenuity of *man."* *(Religion and Society)—By* Dr. S. Radhakrishnan p. 237). In fact, Ahimsa is the royal road to peace and prosperity. It is unfortunate that all nations are busy in manufacturing the most ferocious weapons of destruction which will destroy the whole stock of human civilization and bring about utter extinction of the entire human race. Late John F. Kennedy, the ex-President of America on June 10, 1963 speaking on Peace for all men and for all time had said, "A single nuclear weapon contains almost ten times the explosive force delivered by all of the allied air forces in the Second World War." He had observed. "No nation in the history of battle ever suffered more than the Russians suffered in the course of the Second World War. At least 20 millions lost their lives. Countless homes and farms were burnt or sacked. A third of the nation's territory, including nearly two-thirds of its industrial base was turned into a wasteland."

The pacifist thinker late Bertrand Russel had observed. "A bomb can now be manufactured which will be 25000 times as powerful as that which destroyed Hiroshima."

It is very unfortunate that the massive massacre-might has made astounding advancement and now the entire humanity can be destroyed in a very short time. "It is reported that in 1983 there are

6000 nuclear weapons. A fraction of these will destroy 750 million people with another 340 million seriously injured. This is revealed by the researches of Royal Swedish Academy of Science" (Nagpur Times 4th July 1983).

At this critical juncture the warning of historian Toynbee conveyed in New Delhi is valuable. "In the hurricane of annihilating material power provided by atomic energy, the practice of non-violence is necessary for mankind to save it from self-destruction." *(Hindustan Times* 25-2-60).

The need of the hour is that people should sincerely try to imbibe the spirit of Ahimsa as enunciated in the sacred Jain literature. When Gandhji's path was darkened by insurmountable difficulties, C.F. Andrews says, "He very often turned the pages of Jain works for a Kindly Light in that encircling gloom." When I met Gandhiji in Wardha Ashram in 1934, he said "It is remarkable that unlike Vedic religion Jainism stands for pure Ahimsa without any reservation." In view of the prevailing hatred, vanity, discord, animosity and other evil tendencies, it appears that we have unwisely constructed our houses over a silent-looking volcano and no one knows what will happen, the moment it becomes active to emit fire out of it. The ambrosia of Ahimsa is the only effective and powerful remedy to undo the pernicious effects of unabated materialism and self-centred outlook. Mere name of Ahimsa or sweet orations in its praise would not serve our purpose. It must be honestly translated into life.

The term Ahimsa is negative implying abstinence from killing any living being but it is also a positive virtue based upon universal and fraternal outlook and compassion towards all creatures. Non-violence comprises of purity of thought, word and deed motivated by unbounded compassion and genuine love. Affection in action is essential for Ahimsa. The cultured man ought to be viceless and he should listen to the voiceless and innocent creatures' lamentations and wailings.

Jain thinkers have enjoined upon a votary of Ahimsa to get rid of such violent, callous and cruel practices as meat-eating, hunting for sport and drinking which make the heart merciless, callous and, in fact, kill the conscience. The noble ideal of sanctity of life should be honoured without any reservation. If one takes a broader outlook and adopts a benevolent attitude, he will immediately understand the sublimity of the above ordinance. One who relishes the flesh of an animal at the dining table without any compunction cannot really understand and fully appreciate the sublimity and majesty of Ahimsa doctrine.

If the heart is not hardened and the conscience is not brutalized, one will agree with these sober remarks of Dr. Annie Besant, "Humanity rises, becomes nobler and diviner as the virtues of unselfishness, self-sacrifice and compassion for the weak develop. We all love things that live. God is love."

If a person fattens his body by the flesh of other animals' his adoration of Ahimsa is, in fact, hypocritical. The point for serious consideration of a rational person is, if a thorn which pricks into your foot, makes you uneasy and uncomfortable, would not your bullet-shot or stroke of knife cause indescribable agony to the innocent, helpless, miserable and speechless victim? It is extremely surprising to hear tall talk about morality, amity, harmony, fraternity and universal brotherhood from the cultured leaders of modern society, who forget the miseries of the mute animals, whose flesh they enjoy with great taste and satisfaction. Gandhiji in his essay on Vegetarianism says, "Vegetarian moralists also argue that since meat-eating is not only unnecessary, but harmful to the system, indulgence in it is immoral and sinful, because it involves the infliction of unnecessary pain and cruelty towards harmless animals." He further observes, "I submit the following for the consideration of those who believe in the Bible. Before the Fall we were vegetarians. And God said : behold I have given you every herb bearing seed, which is upon the face of all the

earth, and every tree in which is fruit of a tree yielding seed, to you it shall be for meat and to every beast of the earth and to every fowl of the air, to everything that creepeth upon the earth, wherein there is life, I have given every green herb for meat and it was so."

Gandhiji referring to the glorious Christian period of restitution poles thus, "The wolf also shall dwell with the lamb and the leopard shall lie down with the kid and the calf and the young lion and the fatling together, and a little child shall lead them... And the lion shall eat straw like the ox... They shall not hurt nor destroy in my holy mountains; for the earth shall be full of the knowledge of the Lord, as the waters cover the sea."

Jain thinkers have strictly ordained that a disciple should at the outset learn the lesson of sanctity of life. He should treat all life as sacred and become a strict Vegetarian. Meat-eating destroys the root of mercy and universal fraternity. The heart in fact becomes like the heart of a callous Carnivora. Is not his stomach the graveyard of the butchered innocent animals?

It is noteworthy that modern scientists are in favour of Vegetarian diet. "The Times of India" provides us with these valuable observations in this contest. "Scientists have found that non-vegetarian food increases the tendency towards chronic complaints. Its highly saturated fat content is also prone to raise blood cholesterol levels dangerously leading to heart attack and strokes. In habitual meat-eaters the cholesterol deposits itself on the inside walls of blood vessels in a condition known as arteriosclerosis thus restricting or stopping blood supply to the heart."

"In U.S.A. today there is a marked swing towards vegetarianism. In recent seven million Americans have turned away from flesh foods. George Bernard Shaw is often upheld by Western vegetarians and they emulate him believing that it will yield life of mental and physical vigour and longevity. Flesh consumption can be hazardous in a tropical climate like India where decomposition is fast on account of heat and

where no proper refrigeration facilities exist to keep it safer" (24 Jan. 1982).

Ruskin's observations are thought-provoking, "Unless you are deliberately kind to every creature you will often be cruel to many."

Those who kill others forget that a time will come when they will have to reap the fruits of their cruel practices. If we sow the seed of a banyan tree how can we get an orange tree? Like wise, if we nurse violence, cruelty or hatred in our hearts we will not only spread the baneful aura of evil thought, but it will also give rise to more heinous evil tendencies. If, on the other hand, we sow the seed of goodwill, sincerity and friendship towards all beings, we are sure to reap a rich harvest of increased goodwill and friendship. The Bible says, "Whatsoever a man soweth that shall he also reap. He that diggeth a pit shall fall into it. They have sown the wind and they shall reap the whirlwind." Purity of life is essential and indispensable for real joy.

Serious thought and sober reflection show that animal butchery is against human nature. These remarks of Francis Bacon are illuminating, "Nature has endowed man with a noble and excellent principle of compassion which extends also to the dumb animals. Hence, this compassion has some resemblance to that of a prince towards his subjects." He further observes, "And it is certain that the noblest souls are the most extensively compassionate, for narrow and degenerate minds think that compassion belongs not to them, but a great soul; the noblest part of creation is ever compassionate."

Selfish and shortsighted people say, "Animals have no souls, therefore, there is nothing wrong in relishing their meat." This is a wrong and irrational approach to the real state of affairs. A compassionate cardinal has observed. "The ancients treated man of the rightless classes much as we treat animals. Gladiators could be killed for sport and Galen and Celsus speak of the established practice of human vivisection on the persons of criminals, doubtless on the weighty ground of high benevolence." If the moderner feels and argues

that the approach of the ancients was wrong, brutal and vulgar, why not the same logic be applied to the case of voiceless and innocent animals who also think and feel like us? Man must behave like a sensible, rational and cultured creature.Man should not be mean and brutal. He has to answer the point, whether kine, like men have any right to live and survive or not? A cultured gentleman should not encroach upon the natural right of others on the ground of his superior intelligence. If he is really cultured he must respect the legitimate rights of others. We ought to seriously remember that the word 'MAN' is meaningful. It signifies that "M" stands for mercy, "A" suggests affection and "N" denotes Noble life. Mercy, Affection and Noble conduct are essential for a real man if he does not belong to the category of a beast.

Some men of extremely refined taste angrily remark that it is indecent and unjust to criticise one's personal life and conduct, which depend upon personal tastes and temperaments. These fellows are warned of the evil consequences of their heartless and callous conduct. They must remember that the path of cruelty leads to destruction and grief and the life of love and mercy leads to divinity and bliss. Dr. George Arundale in his book *"The Night Bell"* writes, "One way leads to destruction. It is the way of tolerance of cruelty, if not active engagement in it. It is the way of hunting for sport, the way of vivisection, the way of killing animals for food, the way of making slaves of animals without thought for their happiness and well-being. This is the way the world has been treading."

"The other way leads to salvation. It is the way of harmlessness, the way of recognition of brotherhood with all creatures, the way of endurance and compassion, the way of service and not of selfishness."

